



नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025



## एक नजर में

### शेख सैय्यद पठान कमेटी, जिला–नीमच के बैनर तले आम मुस्लिम समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न



**नीमच।** शेख सैय्यद पठान कमेटी जिला–नीमच द्वारा कार्यवाहक सदर याकूब पठान की अध्यक्षता में आम मुस्लिम समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन दिनांक 12 अक्टूबर 2025, रविवार को गांधी वाटिका परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें समस्त जिले से कुल 15 जोडों को वैवाहिक बंधन में बाँधा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिलीपसिंह परिहार विधायक नीमच, तरूण बाहेती कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीमच, पूर्व विधायक नंदकिशोर पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, उदयपुर जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक सदर मेहमूद लाला, राकेश अहीर, हाजी बाबु सलीम, अली फाउण्डेशन के हुसैन भाई कारपेन्टर, सादिक खान, जाकिर हुसैन, नवाब भाई, इमरान पठान शाहपुरा, असलम पठान बडी सादडी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला शेख सैय्यद पठान कमेटी के जिले के समस्त सदस्यों की राय शुमारी से हाजी जाहिद पठान को जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर जिला वक्फ बोर्ड के सदर फिरोज पठान, जाहिद कादरी, हनीफ पठान, इकबाल पठान, अजहर खान, युनुस पठान, साजिद पठान, बाबू पठान, हाशिम खान, इरफान, भूरा पठान सिंगोली, मुजीब पठान रतनगढ, आजाद पठान जाट, ताहिर शेख डीकेन, शमीम पठान नयागांव, फिदा पठान मनासा, इकबाल पठान चचोर, शेरू पठान रामपुरा आदि सदस्य मौजूद रहे।

### भोपाल में पांचवा प्रदेश स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह आज

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच में जिले के नगरीय निकायों की टीम, जन–प्रतिनिधियों, नागरिकों एवं सहयोगियों ने मिलकर स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। जिसके फलस्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के निकायों को सम्मान प्राप्त हो रहा है, साथ ही स्वच्छता रैंकिंग के साथ शहरी स्वच्छता में व्यापक सुधार हुआ है। इन उल्लैखनीय प्रयासों और उपलब्धियों को दृष्टिगत बेहतर प्रदर्शन के लिए नीमच जिले को सम्मानित किया जा रहा है। इस हेतु राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह %स्वच्छता समग्र% आज 14 अक्टूबर 2025 को रविन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव तथा विभागीय मंत्री, राज्यमंत्री, अन्य मंत्रीगण एवं जन–प्रतिनिधिगणों की भी उपस्थिति रहेगी। इस समारोह में नीमच जिले को शहरी स्वच्छता में उल्लेखनीय कार्यो के लिए सम्मानित किया जा रहा हैं।

### कृष कोठारी बने संभाग में विजेता



**मन्दसौर।** रतलाम में आयोजित हुई विश्व विद्यालयीन संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कृष कोठारी ने संभाग के सात जिलों से आए हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों को परास्त करते हुए संभाग में प्रथम स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय हैं कि इससे पूर्व भानपुरा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी कृष ने प्रथम स्थान हासिल किया था, अब आगामी विश्व विद्यालयीन राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में कृष संभाग से विक्रम विश्वविद्यालय का टीम कैप्टन के रूप में प्रतिनिधित्व करेंगे जो कि निश्चित रूप से शहर के लिए काफी गौरव की बात है। उनकी इस सफलता पर सभी परिवारजनों, स्नेहीजनों, साथी खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों ने बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### मप्र अजाक्स मंदसौर की शामगढ़ व गरोठ तहसील समीक्षा बैठकें संपन्न



**मंदसौर।** मध्यप्रदेश अजाक्स जिला मंदसौर की तहसील स्तरीय समीक्षा बैठकें शामगढ़ एवं गरोठ में संपन्न हुईं। बैठकों में जिलाध्यक्ष प्रहलाद कुमार सूर्यवंशी, संभागीय उपाध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार, जिला सचिव रघुवीर मालवीय व मनोज धानिया सहित जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठकों में संगठन विस्तार, सदस्यता वृद्धि, महिला भागीदारी, शिक्षा, स्वास्थ्य व युवाओं के स्व–रोजगार जैसे विषयों पर चर्चा हुई। जातिगत भेदभाव व सामाजिक कुप्रथाओं को समाप्त करने तथा मृत्यु भोज न खाने का संकल्प लिया गया। बैठक में लक्ष्मणसिंह भावर एवं रामगोपाल परमार को जिला संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। बैठक संचालन तूफान सूर्यवंशी ने किया तथा आभार अशोक यादव (तहसील अध्यक्ष, शामगढ़) ने माना।

### समय पर मिली राहत ने किसान दिनेश कुमार पाटीदार का बढ़ाया भरोसा



**मंदसौर।** ग्राम जोगनी के किसान दिनेश कुमार पाटीदार बताते हैं कि इस वर्ष अप्रत्याशित मौसम और रोग के कारण उनकी सोयाबीन की फसल पूरी तरह से खराब हो गई थी। ऐसी आपात स्थिति में पूरे परिवार पर चिंता के बादल छा गए थे। लेकिन सरकार ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत सर्वे करवा कर मुआवजा राशि प्रदान की। दिनेश पाटीदार कहते हैं – फसल नुकसान के बाद जब आर्थिक स्थिति बिगड़ गई थी, तभी सरकार की इस त्वरित मदद ने बड़ी राहत दी। मुख्यमंत्री ने किसानों की तकलीफ समझी और तुरंत सहायता दी। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री का हृदय से बहुत–बहुत धन्यवाद करता हूं। दिनेश पाटीदार के अनुसार यह सहायता राशि केवल आर्थिक सहारा नहीं, बल्कि सरकार के प्रति किसानों के विश्वास को मजबूत करने वाला कदम है।

### आधार ऑपरेटर चयन के संबंध में दावा/आपति 15 अक्टूबर तक आमंत्रित

**मंदसौर।** महिला एवं बाल विकास अधिकारी बी.एल. बिश?नोई द्वारा बताया गया कि रजिस्ट्रार महिला एवं बाल विकास विभाग को 18 आधार मशीने संचालन किये जाने हेतु आधार ऑपरेटर का चयन किया जाना हैं। जिला कलेक्टर के माध्यम से रजिस्ट्रार महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन 9 बाल विकास परियोजनाओं में स्थित आधार मशीनों के संचालन हेतु आवश्यकतानुसार 18 आधार ऑपरेटर का चयन किये जाने हेतु प्राप्त आवेदनों में पात्रता का कारण सहित विवरण सहित कलेक्टर कार्यालय महिला एवं बाल विकास के सुचना पट्ट पर चस्पा की गई है। दावा/आपति 15 अक ?टूबर 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग पर संपर्क कर सकते हैं।

## परिवहन विभाग वाहन–4 पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को दे रहा है सुविधा

▸ **लोक सेवा गारंटी अधिनियम में परिवहन विभाग की सेवाएं**

**मंदसौर। प्रदेश के समस्त जिलों में नवीन गैर परिवहन मोटरयानों और नवीन वाहनों का पंजीयन वाहन–4 पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। नागरिकों को पोर्टल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं।**


प्रदेश के नागरिक प्रदेश के किसी भी जिले में मोटरयान का क्रय करने के बाद अपने मूल निवास या प्रदेश के किसी भी जिले का पंजीयन नंबर मोटरयान क्रय से संबंधित जिले में ही प्राप्त कर सकेंगे। नागरिकों को अपने मोटरयानों के पंजीयन के लिये भौतिक रूप से परिवहन कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। वे मोटरयान क्रय करते समय संबंधित ऑटोमोबाइल डीलर के माध्यम से यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। नागरिक अपने प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में अपने मोटरयानों पर अति सुरक्षा पंजीयन पट्टिका (हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट) लगवा सकेंगे। भारत सीरीज (बीएच सीरीज) से संबंधित पंजीयन नंबर गैर परिवहन मोटरयानों के लिये ऑनलाइन ही प्राप्त किये जा सकते हैं। पंजीयन नंबरों के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत कार्यरत समस्त लोक सेवा एवं ऐसे समस्त निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिनके 4 या अधिक राज्यों में स्थापित कार्यालय या संस्थान हैं।

आधुनिकतम मोटरयान मॉडल के व्यावसायिक रूप से बाजार में प्रचलन में आने के पूर्व ही उसके मूल्य एवं समस्त तकनीकी विवरण पोर्टल पर प्रदर्शित होने से राज्य में इनके पंजीयन के समय किसी भी प्रकार का कर अपवंचन नहीं हो सकेगा। प्रदेश में गैर परिवहन वाहनों और परिवहन वाहनों का पंजीयन निरंतर वाहन–4 पोर्टल पर किया जा रहा है। राज्य में वाहन–4 पोर्टल पर परिवहन कार्यालयों का डाटा पोर्ट, डीलर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, होमोलोगेशन की प्रक्रिया, फैंसी नंबर जनरेट करने की प्रक्रिया और टेक्सेशन की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम में परिवहन विभाग की 31 सेवाओं को शामिल किया गया है। आरटीओ द्वारा नियुक्त अधिकारी तथा जिला कलेक्टर और संभागायुक्त को क्रमश- प्रथम अपीली अधिकारी, द्वितीय अपीली अधिकारी अधिसूचित किया गया है। नागरिकों से जुड़ी चयनित 31 सेवाओं के निराकरण के लिये एक निश्चित समय अवधि तय की गई है। जिन सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल किया गया है, इनमें प्रमुख रूप से लर्निंग ड्रायविंग लाइसेंस, वाहन का फिटनेस प्रमाण–पत्र, वाहन का पंजीयन प्रमाण–पत्र, डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस जारी करना, डुप्लीकेट वाहन पंजीयन कार्ड, मृत्यु के बाद स्वामित्व का हस्तांतरण, ड्राइविंग लाइसेंस में अन्य श्रेणियों का वाहन जोड़ा जाना और लाइसेंस में पता परिवर्तन जैसी सुविधाएं प्रमुख हैं।

## श्री जांगड़ा पोरवाल समाज के चुनाव संपन्न

▸ **रमेश सेठिया अध्यक्ष, जगदीश काला सचिव निर्वाचित**





**मंदसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास मंदसौर के चुनाव सम्पन्न हुवे। जिसमें 20 न्यासी सदस्यों के पद हेतु 43 उम्मीदवार के बीच निर्वाचन हुआ। पूर्व में बनाये गये 31 न्यासी सदस्य एवं चुनाव में निर्वाचित हुए 20 न्यासी सदस्य कुल 51 न्यासी सदस्यों द्वारा पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें निर्विरोध रूप से अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया, उपाध्यक्ष इजी.रामगोपाल गुप्ता, सचिव जगदीश काला एवं सहसचिव दशरथ दानगढ़ सर चुने गए जबकि कोषाध्यक्ष पद के चुनाव में रामगोपाल महाजन विजयी हुए।

रविवार को पोरवाल छात्रावास में तीन वर्षीय कार्यकाल के लिये हुई निर्वाचन प्रक्रिया संजय जैन एडवोकेट व उनकी टीम द्वारा सम्पन्न कराई गई। समाज के 626 मतदाताओं में से 544 ने मतदान किया।, 27 मत निरस्त हुए तथा वैध 517 मतों की मतगणना में 43 प्रत्याशियों में से 20 न्यासी सदस्य चुने गये। जिसमें ओम प्रकाश सेठिया (छत्रीवाला) को 410 मत, जगदीश काला को 380 मत, दिलीप सेठिया को 341, प्रदीप मुजावदिया को 335, आशीष पोरवाल को 313, घनश्याम पोरवाल को 311, दशरथ दांनगढ़ को 301, महेश मोदी को 293, लीलाशंकर सेठिया को 281, विनोद कुमार मांदलिया को 279, राधेश्याम गुप्ता को 275, जगदीशचंद्र गुप्ता को 272, सुनील कुमार धनोतिया को 260, रामगोपाल महाजन को 254, मुकेश कुमार मुजावदिया को 251, अश्विनी कुमार फ़रक्या को 250, गोविंद मुजावदिवा को 247 उमेश कुमार मांदलिया को 246 एवं शिवनारायण मंडवारिया को 244 मत मिलें जिन्हें विजयी घोषित किया गया। निर्वाचन के पश्चात् समाजजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

## अ.भा. पूर्व सैनिक सेवा परिषद का दीपावली मिलन समारोह भानपुरा में 26 अक्टूबर को

**मंदसौर। रविवार को कार्यालय वरिष्ठ नागरिक सदन मंदसौर में अ.भा.पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई।**




सर्वप्रथम मां भारती एवं सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात हाल ही में सीआरपीएफ से सेवानिवृत होकर आए इंस्पेक्टर बाबू सिंह सिसोदिया एवं सेवानिवृत्ति सैनिक भारत सिंह बोराना का स्वागत किया। बैठक में सभी कि सर्वसहमति से सैनिक पूर्व सैनिक परिवार का आगामी दीपावली मिलन समारोह भानपुरा तहसील इकाई द्वारा रविवार 26 अक्टूबर को भानपुरा में आयोजित किया जाएगा संगठन मार्गदर्शन श्रवण कुमार त्रिपाठी द्वारा बताया गया है कि सभी पूर्व सैनिक आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार अपना पेंशन जॉइंट खाते में ही करवाए एवं खाते का नॉमिनी अनिवार्य रूप से करवाए।

संगठन जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने बताया कि सभी पूर्व सैनिक अपने बच्चों के एजुकेशन अलाउंस (सीईए) का आवेदन केएसबी साईड पर जाकर ऑनलाइन करे जिला सचिव भगवत सिंह सिसोदिया ने संगठन कि सराहना करते हुवे कहा कि हमें इसी तरह अनुशासित होकर संगठनात्मक कार्य निरंतर करते रहना चाहिए। संगठन कोषाध्यक्ष दशरथ सिंह एवं नरेंद्र पाटीदार द्वारा आय व्यय दिया गया। संगठन मार्गदर्शन शंभू गिरी गोस्वामी ने कहा कि संगठन के सभी तहसील एवं क्षेत्र इकाई देश भक्ति के कार्यों के साथ सामाजिक गतिविधि में भी सम्मिलित हो रहे हैं यह अच्छी पहल है।

इस अवसर पर संगठन के मार्गदर्शक श्रवणकुमार त्रिपाठी, शंभू गिरी गोस्वामी, जिलाध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालड़ी, जिला सचिव भगवत सिंह सिसोदिया, कोषाध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान, इंस्पेक्टर बाबूसिंह सिसोदिया, धुंधडका इकाई प्रभारी कमल सिंह चंद्रावत, मल्हारगढ़ तह.प्रभारी ऋषिराज गुर्जर, उपाध्यक्ष ईश्वर लाल पाटीदार, उपाध्यक्ष नरेंद्र खटवड़,सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार, मदन धनगर शामगढ़ तह. प्रभारी राजेश खारोल, सुवासरा तह. प्रभारी विष्णु नारायण चौधरी, दलौदा तह.प्रभारी संतोष राव नाहरगढ़ इकाई प्रभारी रामप्रसाद गहलोत, जमनालाल सोनी, दीपक सोनी, पूर्व सैनिक सहसचिव जितेंद्र माली, शाकिर अहमद संगठन मंत्री प्रहलाद राठौड़, संगठन सह मंत्री धर्मेंद्र सोनी, रघुनाथ सिंह, सन्नी भावसार, भारत सिंह बोराना, अभिनय सिंह चौहान, मुकेश सोलंकी, कमलेश देवड़ा, पिंटू चौहान, अर्जुन जोशी सहित अन्य पूर्व सैनिक, सैनिक उपस्थित रहे।

## सभी नक्शा विहिन ग्रामों के नक्शा निर्माण का कार्य समय–सीमा में पूर्ण करवाए : कलेक्टर

▸ **कलेक्टर ने जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश**



**नीमच।** जिले के सभी नक्शा विहिन ग्रामों के नक्शा निर्माण के कार्य के लिए सभी राजस्व अधिकारी समय–सीमा तय कर, नक्शा निर्माण का कार्य पूर्ण करवाएं। नक्शा विहिन ग्रामों के भौतिक सत्यापन का कार्य तेजी से पूरा करें। नक्शा निर्माण की ग्रामवार डेट लाईन निर्धारित कर कार्य तय समय–सीमा में पूरा करवाएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व विभाग की प्रगति की तहसीलवार समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू, जावद सुश्री प्रीती संघवी, मनासा सुश्री किरण आंजना, डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन सहित सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### रास्ता विवादों को मध्यस्थता से निराकृत करवाए

बैठक में कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे अपने–अपने क्षेत्र में आम रास्तों, शासकीय रास्तों और परम्परागत रास्तों के विवादों को एक सप्ताह में सूचीबद्ध कर उनका मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण करवाना सुनिश्चित करे। जमीन संबंधी विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण करवाए, जिससे कि पक्षकारों में आपसी सौहार्द्र बना रहे। कलेक्टर ने जिले में मजरो, टोलो को नवीन राजस्व ग्राम घोषित करने के कार्य को भी सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होने नक्शा तरमीम एवं बटांकन का शेष कार्य भी तेजी से करने और प्रगति लाने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारियों को दिए। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के शेष हितग्राहियों का ईकेवायसी कार्य भी पूरा करने के निर्देश दिए है।

## पीएम आवास के लिए 8 साल से भटक रहे हितग्राही

▸ **नीमच में दीपावली तक मकान न मिलने पर ताला तोड़कर प्रवेश की चेतावनी**

**नीमच। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पिछले 8 सालों से अपने मकानों का इंतजार कर रहे हितग्राहियों का धैर्य अब जवाब दे गया है। कनावटी स्थित मल्टी में लगभग तैयार हो चुके घरों का आवंटन न मिलने से आक्रोशित हितग्राहियों ने सोमवार को नगर पालिका में जोरदार विरोध किया और प्रशासन को चेतावनी दी।**



हितग्राहियों को कनावटी के समीप मल्टी बनाकर मकान दिए जाने थे, जिसके लिए वे लगातार नगर पालिका के चक्कर काट रहे हैं और बार–बार शिकायतें और ज्ञापन दे रहे हैं। हालांकि, उन्हें आज तक चाबियां नहीं मिली हैं। इसी आक्रोश में बड़ी संख्या में एकत्रित होकर हितग्राही नगर पालिका पहुंचे और नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारी हितग्राहियों ने स्पष्ट मांग रखी कि उन्हें दीपावली से पहले उनके मकान आवंटित किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दीपावली तक मकान नहीं मिले, तो वे स्वयं ताले तोड़कर, दीपक जलाकर अपने आवासों में प्रवेश कर लेंगे और निवास शुरू करेंगे। इसकी सीधी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।

हितग्राही नितिन मेहरा ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वह आठ साल से चक्कर लगा रहे हैं और हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस बार आठ दिन में मकान नहीं मिला तो वे नगर पालिका में धरना देंगे। चाबी न मिलने पर भी धनतेरस पर ताला तोड़कर दीपक वहीं जलाएंगे।

### जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता

नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति ने इस देरी के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि लगातार तारीख पर तारीख दी जा रही है। प्रजापति ने आरोप लगाया कि यह देरी केवल उद्घाटन का श्रेय लेने के लिए की जा रही है, जिसके चलते गरीब लोग बार–बार नगर पालिका के चक्कर काट रहे हैं।

### अधिकारियों से करेंगे चर्चा

नगर पालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया ने हितग्राहियों को आश्वासन दिया कि वे वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करेंगी। उन्होंने कहा कि मकान आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दीपावली से पूर्व मकान दिए जाने के प्रयास किए जाएंगे।

**एक नजर** ▸ **स्वच्छता की दीवाली अभियान के तहत**

## कलेक्टर ने नीमच शहर में लिया स्वच्छता कार्यों का जायजा

**नीमच। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में 10 दिन स्वच्छता की दीवाली विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को नीमच शहर के विभिन्न स्थानों, मार्गो का आकस्मिक निरीक्षण कर दीपावली पर चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।**



कलेक्टर चंद्रा ने सोमवार को नीमच शहर के टैगोर मार्ग, नेकी की दीवार, मूलचंद मार्ग, दशहरा मैदान का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वच्छता कार्यो का अवलोकन किया। कलेक्टर ने नेकी की दीवार का सुव्यवस्थित निर्माण करने, नेकी की दीवार पर अलग–अलग कम्पार्टमेंट बनाकर सुव्यवस्थित वस्त्र रखने का स्थान तैयार करने के निर्देश दिए। जिससे, कि लोग सुविधाजनक ढंग से सुव्यवस्थित वस्त्र सामग्री को नेकी की दीवार पर रख सके और जरूरतमंद, उन्हें अपने उपयोग के लिए सुविधाजनक ढंग से ले जा सके। कलेक्टर ने सब्जी मण्डी में सुव्यवस्थित तरीके से साफ–सफाई करवाने, बाजार में रात्रि में साफ–सफाई के लिए विशेष टीमे लगाने, स्वच्छता कर्मियों को निर्धारित गणवेश उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्वच्छता निरीक्षकों और दरोगा को निर्देश दिए, कि वे प्रतिदिन सुबह एवं रात्रि में स्वच्छता कार्यो की नियमित मानीटरिंग करें और बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बस स्टेण्ड पर दुकानदारों से चर्चा कर, उन्हें डिस्पोजेबल सामग्री के उचित रखरखाव के लिए अपनी दुकान के बाहर डस्टबीन रखने की समझाईश भी दी। इस मौके पर एसडीएम श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, सीएमओ सुश्री दुर्गा बामनिया भी उपस्थित थे।

### दशहरा मैदान पर लोकल फार वोकल विशेष दीपावली बाजार

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा दीपावली पर नीमच शहर के दशहरा मैदान पर लगाए जा रहे अस्थाई दीपावली बाजार का भी निरीक्षण किया और दुकानों के निर्माण के लिए न.पा. द्वारा तैयार किए गये ले आउट का अवलोकन किया। उन्होने लोकल फार वोकल के तहत हाथ ठेले या छोटी दुकान लगाकर दिए व अन्य सामग्री विक्रय करने वाले दुकानदारों को भी दशहरा मैदान पर तैयार किए जा रहे अस्थाई दीपावली बाजार में पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे, कि लोकल फार वोकल के तहत स्थानीय छोटे दुकानदारों का व्यवसाय भी अच्छे से चल सके। कलेक्टर ने लोकल फार वोकल के तहत दशहरा मैदान पर मिट्टी के दीए व अन्य सामग्री विक्रय करने वाले परम्परागत व्यवसायियों से दीपावली की खरीददारी करने का भी आव्हान किया है।